हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार
9 फरवरी 2024, बरेली

दीक्षांत : मेडल पाकर खिले छात्रों के चेहरे

बरेली, मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज में श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के कालेजों का तेइसवां दीक्षांत समारोह हुआ। इसमें बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के सत्र 2022-2023 में उत्तीर्ण 372 छात्र-छात्राओं को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र एवं पदक वितरित किए गए। पदक पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे।

दीक्षांत समारोह में छात्रा को प्रमाणपत्र देते ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि डिग्री लेने के बाद वास्तविक परीक्षा अब होने वाली है। इसमें कोई दूसरा आपका मूल्यांकन नहीं करेगा। बल्कि खुद ही अपना मूल्यांकन करना है। एसआरएमएस सीईटी के वर्ष 1996 के एल्युमनाई और इस समय अर्नेस्ट एण्ड यंग के पार्टनर इंजीनियर मोहम्मद सैफ ने कहा कि दीक्षांत समारोह ज्ञान और उत्कृष्टता की आपकी खोज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का अवसर है। ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस दौरान ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, प्रो. श्यामल गुप्ता, उषा गुप्ता, डॉ. रजनी गुप्ता, गुरु मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी, डॉ. वंदना शर्मा आदि रहे।